प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने आज नई दिल्ली में की मुलाकात : 25 अगस्त को लखनऊ आगमन पर होगा भव्य स्वागत।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिवसीय साइबर सिक्योरिटी इंटरनेशनल समिट का किया शुभारंभ : कहा– न्यू एज टेक्नोलॉजी बनगी विकसित भारत की आधारशिला।
3. बहराइच के कारिकोट गांव का इंडियन सबकांटिनेंटल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवार्ड 2025 में हुआ चयन : 13 सितंबर को नई दिल्ली में मिलेगा पुरस्कार। और
4. प्रदेश में रुक रुक कर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण कई नदियां उफान पर : मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लखनऊ निवासी और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री से अपने अंतरिक्ष मिशन के अनुभव साझा किए। साथ ही भविष्य में होने वाले भारतीय अंतरिक्ष मिशन पर चर्चा की। इससे पहले आज लोकसभा में कैप्टन शुभांशु शुक्ला आगमन पर विशेष चर्चा हुई। चर्चा

की शुरुआत अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने की। बाइट.....

*एक ऐसा वक्त है जब सारा देश जश्न के माहौल में है। हर मां अपने बच्चे के लिये दुआ करती है कि बड़ा होकर के शुभांशु शुक्ला बनें और हर बच्चा यह ख्वाब देख रहा है कि मैं भी बड़ा होकर शुभांशु शुक्ला बनूं। आज दुनिया ने भारत के क्षमताओं के आगे सर झुकाया है।*

शुभांशु 25 अगस्त को लखनऊ आएंगे। लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शुभांशु के लखनऊ आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया जल्दी ही उनके घर की ओर जाने वाले मार्ग और एक पार्क को उनके नाम पर किया जाएगा। बाइट.....

*शुभांशु शुक्ला देश का गौरव है और ये मेरा सौभाग्य है कि वो मेरे लखनऊ में पैदा हुआ है। ये लखनऊ का गौरव है। आज पूरा विश्व शुभांशु शुक्ला को जानता है। सदन में सबसे पहले उनको बधाई दी जाएगी और उनके नाम से रोड और एक पार्क भी उनके नाम से किया जायेगा और जिस दिन वो आएंगे सभी पार्षद सहित हम सब उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट में रहेंगे।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राज्य फोरेंसिक विज्ञान संस्थान लखनऊ में साइबर युद्ध के आयाम, बहुपक्षीय कानूनी ढांचे, फोरेंसिक और रणनीतिक प्रतिकार विषय पर इंटरनेशनल समिट का शुभारंभ किया है। इसके साथ ही उन्होंने, पद्मश्री डॉ. लालजी सिंह एडवांस्ड डीएनए डायग्नोस्टिक सेंटर, एआई, ड्रोन और रोबोटिक्स लैब व अटल पुस्तकालय का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम को

संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में साइबर अपराध पर लगाम लगान के लिए प्रभावशाली कदम उठाए जा रहे हैं। बाइट.....

*जितना आसान टेक्नोलॉजी ने जीवन को बनाया है, उतनी ही बड़ी चुनौती हमारे सामने टेक्नोलॉजी ने भी दी है। टेक्नोलॉजी से ही हमें उसका समाधान का मार्ग भी अपनाना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश पुलिस और उत्तर प्रदेश के साथ ही अपनी वर्तमान पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए और उन न्यू टेक्नोलॉजी और कोर्स के साथ जोड़ रही है जो आज की आवश्यकता है और भविष्य की विकसित भारत की आधार शिला बनेगी।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान –एसजीपीजीआई लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन ने लगभग 10 करोड़ रुपए का सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए उच्चस्तरीय उपचार सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में सलोनी हार्ट सेंटर प्रदश की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व शुभारंभ किए गए इस सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है।

हार्ट सेंटर का पहला चरण पूर्णतः क्रियाशील है, जबकि दूसरे चरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है।

——————————

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए का उम्मीदवार बनाए जाने पर बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि श्री राधाकृष्ण को उप राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के तौरपर चुना जाना भाजपा के संसदीय बोर्ड का एक ऐतिहासिक और दूरगामी निर्णय है। बाइट.....

*उनका कार्यकाल जो रहा है कई राज्यों के राज्यपाल के रूप में देश की संसद के सदस्य के रूप मेंऔर अब उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी बनाये गये हैं जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि उनका उपराष्ट्रपति बनना तय है। मैं तो सबसे पहले उनको बधाई देता हूं। उनको यह अवसर मिला है और मुझे लगता है विपक्ष भी सर्वसम्मति से उनको उपराष्ट्रपति पद के लिए चयनित करने में अपना योगदान देगा और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई जो भारतीय जनता पार्टी का संसदीय बोर्ड है उसका यह ऐतिहासिक निर्णय है, दूरगामी निर्णय है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने आज महराजगंज में खाद की उपलब्धता को लेकर अधिकारियों को ज़रूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदश के किसी भी जनपद में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि खाद की काला बाज़ारी करने वालों पर कड़ी कारवाई की जाएगी। इस दौरान कृषि मंत्री ने कुछ खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण भी किया।

——————————

प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने आज विधान सभा से रोजगार महाकुंभ 2025 अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने रोजगार रथ को विभिन्न जनपदों में प्रचार–प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री राजभर ने कहा कि सरकार की मंशा हर युवा को रोजगार उपलब्ध कराने की है। इसी के दृष्टिगत 26 से 28 अगस्त 2025 तक लखनऊ में रोजगार महाकुंभ

**2025 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोजगार महाकुंभ के अंतर्गत 50 हजार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।**

—————————

**बहराइच जिले के कारिकोट गांव का चयन इंडियन सब कांटिनेंटल रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म अवार्ड 2025 के लिए किया गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कारिकोट गांव को यह सम्मान 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। पेश है एक रिपोर्ट....**

*नेपाल की सीमा से सटे और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के करीब स्थित कारिकोट गांव ने सामुदायिक नेतृत्व के जरिए पर्यटन को नई दिशा दी है। पर्यटन विभाग की पहल पर इस गांव में ग्रामीणों ने होमस्टे की शुरुआत की। साथ ही सीमा पर्यटन जैसी अभिनव पहल की जिससे स्थानीय समुदायों, विशेषकर युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिला है। साथ ही गांव की संस्कृति, खान–पान, हस्तशिल्प और लोक कलाओं को भी नई पहचान मिली है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति–2025 सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रदेश सरकार रूरल टूरिज्म को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में कारिकोट गांव का चयन आईसीआरटी अवार्ड 2025 के लिए होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।*

*समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

—————————

**इटावा में अग्नि शमन विभाग की प्रमुख योजना अग्नि सचेतक का प्रशिक्षण आज से शुरू हो गया है। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान करीब 800 युवाओं को अग्नि से**

सुरक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर ट्रेनिंग दी जा रही है। फायर ऑफिसर प्रेम शर्मा ने बताया कि सभी अग्नि सचेतकों को भविष्य में अस्पताल, कोल्ड स्टोरेज, स्कूलों, बाज़ारों, मॉल सहित गैर सरकारी संस्थानों में अग्नि सुरक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया जाएगा।

—————————

प्रदेश में रुक रुक कर बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं ,फर्रुखाबाद में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा और अयोध्या व बलिया घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य के 16 गांव की लगभग ढाई लाख से अधिक आबादी बाढ़ से प्रभावित है। उधर मथुरा में यमुना के जलस्तर में तेज़ी से बढोत्तरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और राहत शिविरों में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य टीम गठित करने का भी निर्देश दिया। मथुरा के अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि बाढ़ की आशंका के देखते हुए सभी ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बाइट.....

*सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।सभी एसडीएम तहसीलदार लेखपाल कानूनगो सभी को चौकी और शेल्टर होम्स पर भेजा गया है। अगर किसी तरह ऐसी किसी भी गाँव में पानी घुसता है तो तुरंत उसको शेल्टर होम में शिफ्ट करके सभी तरह की जो आपदा सम्बंधित सुविधाएं शासन ने सरकार ने जो दी हुई है वो सारी प्रदान की जाएगी।*

(समाप्त)